हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

11 बाल विवाह के कारण अधूरे रह जाते हैं लड़कियों के सपने...



12 कैंप में 400 किसानों को दी पोषक अनाज की जानकारी



## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण की बैठक आज

**झज्जर।** शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता पर्वर्तन परिमंडल कार्यालय में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की बैठक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी। जिसमें बिजली उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली व बिलों से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। यदि कोई उपभोक्ता अपने परिवाद को लेकर कार्यकारी अभियंता या एसडीओ की कार्यवाही से संतुष्ट न हो तो वह चेयरमैन, अधीक्षण अभियंता के समक्ष अपनी बात रख सकता है।

### कल होगी नंबरदार के कार्यालय पर मीटिंग

**बहादुरगढ़।** तहसील बहादुरगढ़ के नंबरदारों की मीटिंग 8 मार्च को पूर्व मंत्री स्वर्गीय मांगेराम नंबरदार के पुत्र शतीश नंबरदार के कार्यालय पर होगी। जयभगवान नंबरदार ने बताया कि तहसील बहादुरगढ़ के नंबरदारों की मीटिंग शनिवार 8 मार्च को सुबह 10 बजे मेट्रो पिलर नंबर 845 के सामने स्थित कार्यालय पर होगी। मीटिंग में नंबरदारों की सभी मौजूदा समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा नंबरदार एसोसिएशन की कार्यकारणी का गठन भी किया जाएगा।

### अपहरण करने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड से दिन दहाड़े एक युवक का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात यूपी मूल के रवि नारायण के साथ हुई थी। रवि नारायण यहां विवेकानंद नगर में रहता है। रवि ने ड्यूटी जाने के लिए घर से निकला था। जब आरजे अस्पताल के पास वाहन का इंतजार कर रहा था तो बाइक पर सवार होकर तीन युवक वहां आए। मारपीट कर जबरन मुझे लाइनपार ले गए। वहां छोटूराम नगर में धमकी देकर छोड़ दिया। पुलिस ने धर पकड़ शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए धर्म विहार के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

### होली पर होगी रॉयल ग्रीन रंगोत्सव की धूम

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-40 स्थित आधुनिक रिहायशी कॉलोनी रॉयल ग्रीन काउंटी में होली के मौके पर रॉयल ग्रीन रंगोत्सव मनाया जाएगा। रविवार 9 मार्च को वहां रंगोत्सव के दौरान काउंटी की पूरी टीम लोगों का फूलों और चंदन के टीके के साथ स्वागत करेगी। एमडी यशांक वासन ने बताया कि आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को समर्पित रॉयल ग्रीन काउंटी को इंटिग्रेटिड टाउनशिप ऑफ द ईयर का अवार्ड मिल चुका है। यहां हर त्यौहार मिलकर पूरे स्नेह के साथ मनाने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि 44 एकड़ में विकसित हो रही रॉयल ग्रीन काउंटी में प्लॉट्स के साथ आधुनिक विला भी हैं।

## पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने गांव के ही अन्य युवक को ठहराया आरोपी

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गांव दूबलधन में एक युवक का शव गली में पड़ा मिला है। परिजनों द्वारा इस मामले में गांव के ही एक युवक को हत्या का आरोपी ठहराया गया है। मृतक की पहचान दूबलधन गांव के पाना किरमाण निवासी सोनू पुत्र बिशम्बर के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे कर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। वीरवार को पुलिस द्वारा मृतक के पिता की शिकायत पर गांव के ही एक अन्य युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।





**झज्जर।** पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक के परिजन व नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### मंगलुरू में गाड़ी चलाता था मृतक सोनू

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सोनू अपनी दो बहनों का इकलौता भाई था। वह मंगलुरू में रहता था तथा वहां गाड़ियों पर ड्राईवरी करता था। वह पिछले पांच-छह माह पहले ही गांव लौटा था और यहां भी गाड़ी चलाने का कार्य कर रहा था। उसकी बड़ी बेटी जहां पांचवीं कक्षा में पढ़ती है वहीं छोटी बेटी दूसरी कक्षा की छात्रा है।

### मृतक के पिता से बोला हत्यारोपी, सोनू को उठा ले जा, मेरे से नहीं चलेगा

मृतक के पिता से बोला हत्यारोपी, सोनू को उठा ले जा, मेरे से नहीं चलेगा : पुलिस को दी शिकातय में मृतक सोनू के पिता बिशम्बर ने बताया कि बुधवार की दोपहर जब वह प्लाट में गायों की संभाल करने जा रहा था तो रास्ते में गांव के ही सुरेंद्र ने उससे कहा कि सोनू को उठा ले जा, मेरे से नहीं चलेगा। इसके बाद घर आकर उसने अपनी पत्नी से सोनू को सुरेंद्र के प्लाट से लेकर आने की बात कही और चारा लेने के लिए खेत में चला गया। बिशम्बर के अनुसार जब उसकी पत्नी रोशनी अपने पुत्र सोनू को देखने पहुंची तो वह गली में बहार पड़ा था। इसके बाद वह ग्रामीणों की मदद से गंभीर अवस्था में पड़े सोनू को उठा कर अपने घर ले आई। उन्होंने देखा कि सोनू के सिर व कमर में चोट के निशान थे। इसी दौरान करीब ढाई बजे सोनू की मौत हो गई। बिशम्बर का आरोप है कि गांव के सुरेंद्र ने चोट मारकर उसकी हत्या की है।

# बहादुरगढ़ में कंपनी पर बीआईएस टीम का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- दूसरी फर्म के गैस सिलेंडर में लगने वाले रबड़ पाइप व प्रिंटिंग सामग्री मिली
- गैस सिलेंडर के साथ प्रयोग होने वाले रबर होज के 100 रोल भी बरामद

भारतीय मानक ब्यूरो के फरीदाबाद शाखा कार्यालय की टीम ने बहादुरगढ़ में स्थित एक कंपनी में छापा मारा। कंपनी से बिना आईएसआई मार्क तथा दूसरी फर्म के गैस सिलेंडर में लगने वाले रबड़ पाइप व प्रिंटिंग सामग्री पाई गई। इस संबंध में कंपनी प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दे दी गई है।

ब्यूरो को सूचना मिली थी कि एचएसआईआईडीसी में स्थित एक कंपनी में बिना आईएसआई मार्क के रबर होज पाइप बनाए जा रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए फरीदाबाद ब्यूरो की निदेशक विभा रानी के निर्देश संयुक्त निदेशक राहुल वर्मा व विजय कुमार की टीम ने यहां जांच अभियान चलाया। इकोसेफ कंपनी में दस्तक दी गई। यहां तैयार किए जाने वाले सामान को खंगाला और बारीकी से जांच की गई। स्थानीय पुलिस भी टीम के साथ रही। ब्यूरो की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, कंपनी से बगैर आईएसआई मार्क के सिलेंडर के साथ प्रयोग होने वाले रबर होज के 100 रोल बरामद हुए। वहीं दूसरी फर्म के भी पाइप यहां पाए गए।

अधिकारियों की मानें तो कंपनी में गुणवत्ता नियंत्रण तथा बीआईएस अधिनियम का उल्लंघन पाया गया है। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। तमाम कंपनियां नियमों का पालन करें।

### सुबह-शाम ठंडी हवा, दिन में तेज धूप

**बहादुरगढ़।** इलाके में तापमान फिर से बढ़ने लगा है। बुधवार की अपेक्षा वीरवार को पांच डिग्री तापमान अधिक दर्ज किया गया। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली रही। हालांकि सुबह, शाम ठंडी हवा चलने से सर्दी भी महसूस हो रही है। फरवरी माह के अंत में तापमान 31 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन मार्च की शुरुआत में मौसम बदलने से तापमान थोड़ा कम हुआ। बुधवार को जहां अधिकतम तामपान 24 दर्ज किया गया। वहीं वीरवार की दोपहर को तापमान 29 डिग्री पर पहुंच गया था। उधर, मौसम में आ रहे बदलाव के चलते बुखार, खांसी, जुकाम आदि के मरीज बढ़ रहे हैं।

## लोगों को तारों व खंभों से छेड़छाड़ न करने के लिए सचेत कर रहा बिजली निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बिजली निगम की ओर से हादसों को देखते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को तारों के नीचे भवनों का निर्माण न करने तथा तारों, खंभों से छेड़छाड़ न करने के लिए सचेत किया जा रहा है।



बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता अजय कोहाड़ ने लोगों से बिजली की चोरी न करने तथा लाइन, खंभों आदि से छेड़छाड़ न करने के लिए आगाह किया है। उन्होंने कहा कि बिजली की चोरी न करें। यह अपराध तो है ही, इसमें जोखिम भी रहता है। बिजली चोरी, कुंडी कनेक्शन करते वक्त लोग विद्युत लाइनों, उपकरणों को छूते हैं। इसमें कई बार दुर्घटना हो जाती है। इसके अलावा निगम की ओर से भी सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि बिजली की लाइनों, खंभों, ट्रांसफार्मरों आदि से छेड़खानी नहीं की जानी चाहिए। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है। इतना ही नहीं, अपने घरों तथा दुकानों का निर्माण बिजली की लाइनों के नीचे नहीं करना चाहिए। यदि फिर भी कोई निर्माण करता है तो इसकी पूर्व सूचना निगम को देनी चाहिए। बरसात के मौसम में बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों से दूरी बनाए रखें। बिजली के उपकरणों को भी सावधानी से छूएं। जागरूकता के जरिये ही दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

### भट्ठा मालिक पर बिन मजदूरी काम कराने का आरोप

**बहादुरगढ़।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में ईंट भट्ठे पर बिना मजदूरी दिए मजदूरों से काम कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मजदूरों की ओर से शिकायत दी गई है। सदर थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। शिकायत में मजदूरों ने कहा है कि वे कानोंदा स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। पिछले काफी समय से उन्हें उनकी मजदूरी नहीं दी जा रही। मजदूरी दिए बिना ही काम कराया जा रहा है। रुपये मांगने और जाने की बात कहते हैं तो धमकाया जाता है। इससे वे काफी परेशान हैं। अब दुखी होकर शिकायत दी है। शिकायत कितनी सही है, ये जांच का विषय है। लेकिन पुलिस तुरंत भट्ठे पर जांच करने के लिए पहुंच गई। सदर थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह का कहना है कि इस तरह की एक शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के लिए मौके पर टीम भेजी गई है। जांच के बाद ही मामले में कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# नकल मुक्त परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों पर चाक-चौबंद सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- एसडीएम व शिक्षा विभाग के फ्लाइंग दस्तों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया दौरा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल मुक्त आयोजित करवाने के लिए जिला प्रशासन पुख्ता रणनीति के साथ कार्य कर रहा है। प्रशासनिक व शिक्षा अधिकारी फील्ड में सक्रिय हैं और परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में एसडीएम व शिक्षा विभाग के फ्लाइंग दस्तों ने वीरवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। डीसी प्रदीप दहिया द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षाओं को पूरी तरह नकल मुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।



**झज्जर।** परीक्षा केंद्र का दौरा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय नेहरू महाविद्यालय का दीक्षांत समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय का 56वां दीक्षांत समारोह आठ मार्च को आयोजित किया जाएगा। समारोह के लिए सभी आवश्यक तैयारियां चल रही हैं। हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र 2018-19 से 2023-24 के दौरान महाविद्यालय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनको दीक्षांत समारोह में डिग्री दी जाएगी। दीक्षांत समारोह सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा जबकि रिहर्सल सुबह नौ बजे होगी। जिसमें डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों का उपस्थित होना जरूरी है। जो विद्यार्थी रिहर्सल में भाग नहीं लेगा, उसे दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं किया जाएगा।




**झज्जर।** राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय भवन का फाईल फोटो।

## नप चुनाव के कारण मतगणना ड्यूटी स्टॉफ की प्रथम रिहर्सल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरी

नगरपालिका चुनाव में मतदान प्रक्रिया के बाद मतगणना का कार्य सबसे महत्वपूर्ण है, मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता के साथ मतगणना का प्रशिक्षण लेकर इस कार्य को नियामनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें। यह बात रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में मतगणना के लिए आयोजित प्रथम रिहर्सल के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतगणना प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा, इसके लिए सभी मतगणना सुपरवाइजर और मतगणना सहायकों को ध्यान पूर्वक प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि दो मार्च को हुए मतदान उपरांत पोलिंग पार्टियों द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में स्थापित स्ट्रांग रूम में नियमानुसार ईवीएम जमा करवाई गई हैं। सभी 27 ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। पालिका अध्यक्ष और 13 वार्डों के पार्षदों के लिए वोटों की गिनती विद्यालय परिसर स्थित लाला नोबत राय हाल में आगामी 12 मार्च सुबह 8 बजे से होगी।



**बेरी।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## बामड़ोली में रास्ता रोककर बाइक सवार को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- लाठी व डंडों से किए वार, चार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

गांव बामड़ोली पर बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया गया। उस पर लाठी, डंडों से वार किए गए। मारपीट के बाद आरोपी युवक फरार हो गए। चार युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पीड़ित की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात दीपांशु के साथ हुई है। दिल्ली के निवासी दीपांशु का कहना है कि वह बहादुरगढ़ से अपने गांव जा रहा था। जब गांव बामड़ोली में पहुंचा तो बाइक सवार दो युवकों ने रास्ता रोक लिया। मुझे रुकवाकर उन्होंने बाइक की चाबी निकाल ली फिर मारपीट शुरू कर दी। बिना कुछ पूछे ही डंडों से हमला कर दिया। हमले में मुझे काफी चोट आई। लोग इकट्ठे होने लगे तो वे युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उन्होंने चेहरे पर परना लपेट रखा था। इसके बाद राहगीरों ने मुझको अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हमला करने वालों की पहचान नहीं हो पाई है और न ही हमले की वजह स्पष्ट है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## रोहतक में होने वाले राज्यस्तरीय प्रदर्शन में शामिल होंगे रोडवेज कर्मचारी

- नया बस स्टैंड परिसर में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक नया बस स्टैंड परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान विजय माजरा व सब डिपो प्रधान सोनू दलाल ने की जबकि बैठक का संचालन राज्य उपाध्यक्ष जयकुंवार दहिया द्वारा किया गया।

बैठक उपरांत यूनियन नेता डिपो महाप्रबंधक से मिले तथा उन्हें कर्मचारियों की स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। समस्याएं सुनने के बाद महाप्रबंधक ने भी उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया। कर्मचारी नेता नरेंद्र दिनोद, जयकुंवार दहिया व महिपाल ने बताया कि आठ मार्च को हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आहवान पर कर्मचारियों द्वारा रोहतक के सुखपुरा चौक में कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश भर से हजारों की संख्या में रोडवेज कर्मचारी भाग लेंगे। इसके बाद आगामी 24 मार्च को ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर भी बड़ी संख्या में भागीदारी करेंगे। इस मौके पर अमरपाल, कृष्ण, संजीत, सुरेंद्र, सुनील, नवीन, शमशेर, सतेंद्र, मनीष नांदल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** बैठक में मौजूद रोडवेज कर्मचारी यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## दिल्ली-जींद सवारी गाड़ी रद होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

# रेल गाड़ियों के ठहराव व पुनः संचालन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर एक्सप्रेस के बहादुरगढ़ में ठहराव न होने और दिल्ली-जींद सवारी गाड़ी रद होने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। इस परेशानी को देखते हुए दिल्ली रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति ने रेल मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये गाड़ियों के ठहराव और पुन संचालक की मांग उठाई गई है।

दरअसल, गाड़ी नंबर 12455-12456 (दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस) दिल्ली सराय रोहिल्ला से रात पौने 11 बजे चलती है व गाड़ी नंबर 12456 सुबह सात बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर पहुंचती है। इस गाड़ी का ठहराव बहादुरगढ़ स्टेशन पर नहीं दिया गया है। इस गाड़ी को पकड़ने के लिए रेलयात्री दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर जाते हैं। इससे उनका समय और जेब खर्च बढ़ता है। सराय रोहिल्ला स्टेशन पर भीड़ भी बढ़ जाती है। वहीं गाड़ी संख्या 20409-20410 (दिल्ली कैंट-बठिंडा) गाड़ी का ठहराव नांगलोई स्टेशन पर नहीं दिया गया है। सुबह के समय दिल्ली रोहतक के बीच कोई भी सवारी गाड़ी न होने के कारण गाड़ी संख्या 20409-20410 नांगलोई स्टेशन पर नहीं रुकती। ऐसे में इस गाड़ी को पकड़ने के लिए नांगलोई के रेल यात्रियों को या तो शकूर बस्ती स्टेशन पर जाना पड़ता है या फिर बहादुरगढ़ स्टेशन पर आना पड़ता है। जिससे अनावश्यक रूप से गाड़ियों में भीड़ बढ़ती है व रेल यात्रियों का काफी समय व्यर्थ हो जाता है। इसलिए इस गाड़ी का ठहराव नांगलोई स्टेशन पर दिया जाए। इनके अतिरिक्त दिल्ली जींद के बीच चलने वाली सवारी गाड़ी 54031-54034 को पिछले कई महीनों से रेल विभाग द्वारा रद किया गया है। यह गाड़ी छह मार्च तक रद थी। अब इसे 14 मार्च तक रद्द कर दिया गया है। गाड़ी नंबर 54031 दिल्ली से जींद जाते समय बहादुरगढ़ स्टेशन पर दोपहर 12 बजकर 47 मिनट पर आती है व शाम को बहादुरगढ़ स्टेशन पर 5 बजकर 55 मिनट पर आती है। इसको भी पुनः संचालित किया जाए। ये तीनों गाड़ियां बहादुरगढ़, रोहतक व दिल्ली स्टेशन के रेल यात्रियों के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। यदि 12455-12456 संख्या गाड़ी का ठहराव बहादुरगढ़ स्टेशन व 20409-20410 का ठहराव नांगलोई तथा गाड़ी नंबर 54031-54034 का पुनः संचालन किया जाता है तो इससे काफी यात्रियों का लाभ होगा।




**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

सेलिब्रेशन

# होली पर रंग-बिरंगी मस्ती

बच्चे होली पर रंग खेलने के साथ खूब मौज-मस्ती करते हैं। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि उनकी अब तक की कौन-सी होली, खूब मस्ती भरी और यादगार रही? इस बार उनकी होली पर क्या खास प्लानिंग है? इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का **बालभूमि** के अपने दोस्तों के लिए क्या मैसेज है? जानो, इन्हीं की जुबानी।



## होली का असली मजा मिलजुल कर रंग खेलने में है: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची की भूमिका निभा रही जारा वारसी के लिए होली का त्योहार खास अहमियत रखता है। वह कहती है, 'मैं भले ही किसी दूसरे धर्म की हूं, लेकिन होली का त्योहार मेरे लिए हमेशा से खास रहा है। मैं पूरे उत्साह-उमंग से अपने दोस्तों के साथ होली मनाती हूं।' होली का एक मेमोरेबल इंसिडेंट जारा बताती है, 'एक बार मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ पहली बार कॉलोनी में होली खेल रही थी। हम सब दोस्त एक-दूसरे पर वाटर बैलून फेंक रहे थे, गलती से एक बैलून पास से गुजर रहे अंकल को लग गया। हम घबरा गए कि अब हमें डांट पड़ेगी, लेकिन उन्होंने भी हंस कर हमें रंग लगा दिया। उस पल ने मुझे सिखाया कि होली का असली मजा हंसी-मजाक और मिलजुल कर रंग खेलने में ही है।' इस वर्ष होली को लेकर अपनी खास प्लानिंग के बारे में जारा बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सेट पर भी होली सेलिब्रेट करूंगी। साथ ही, घर पर एक छोटी-सी गेट-टुगेदर भी रखी है। मैं अबकी नेचुरल कलर से ईको-फ्रेंडली होली खेलूंगी, ताकि लोगों को किसी तरह कोई परेशानी न पहुंचे।' 'बालभूमि' के दोस्तों को होली का मैसेज देते हुए जारा कहती है, 'मैं अपने सभी प्यारे दोस्तों से कहना चाहूंगी कि होली हमेशा मिलजुल प्यार से खेलें। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। पानी की बर्बादी से बचें, ईको-फ्रेंडली रंगों का इस्तेमाल करें। दोस्तों संग होली की मस्ती करें और खूब हंसें-खिलखिलाएं।' *

## इस बार अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा के साथ रंग खेलूंगा: कविश खुंगर



**कविश खुंगर** को इन दिनों शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका में दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। कविश से जब बात होती है कि उसकी सबसे मेमोरेबल होली कौन सी थी, तो वह चहकते हुए बताता है, 'मेरी सबसे मजेदार और मेमोरेबल होली पिछले साल की थी। मैंने वाटरगन की मदद से ढेर सारे वॉटर बैलून खुद तैयार किए। मम्मी-पापा और अपने फ्रेंड्स को रंग लगाया। इन सबने भी मुझे रंग लगाया। फिर मैंने गुलाब जामुन, गुझिया, पेड़ा और कई सारी मिठाइयां खाईं। घर आए अपने दोस्तों के साथ मैंने खूब डांस भी किया।' कविश को होली फेस्टिवल बहुत पसंद है। वह बताता है,'मैं होली पर अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करता हूं, हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। इस दिन हमें मस्ती करने से कोई रोकता नहीं है।' इस बार होली पर अपनी प्लानिंग के बारे में भी कविश बताता है, 'अबकी बार मैं शो के सेट पर अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा (वृंदा-केशव) के साथ भी रंग खेलूंगा। मैं सेट पर सभी के लिए मिठाइयां लेकर भी जाऊंगा। खूब एंज्वॉय करूंगा।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को कविश मैसेज देता है,'सभी दोस्त अच्छे से रंग खेलें और होली की मस्ती करते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि किसी को चोट न लगे। मिठाइयां खाएं-खिलाएं। होली का दिन खूब हंसी-खुशी के साथ एंज्वॉय करें। सभी को हैप्पी होली...।' *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

## प्यार बांटती घर-घर होली



विदा हो गए टोपा, जर्सी,
सर्दी भागी होली आई।
बचपन की मस्ती संग लिए,
खुशियों से झोली भर लाई।।
ठंड रही ना गर्मी ज्यादा,
रंग-रंगीला मौसम आया।
झूम उठे फूलों पर भौंरे
जंगल में टेसू इठलाया।।
हफ्ते भर की छुट्टी होंगी,
कई दिनों तक खेलें होली।
सोहन, मोहन, शंकर, शालू,
घर से चलें बनाकर टोली।।
कितना भी छुप लेना कोई,
सबके मुंह कर देंगे काले।
लाल गुलाल मलें गालों पर,
हम सब होली के मतवाले।।
प्यार बांटती घर-घर होली,
आपस में हम गले मिलेंगे।
बड़े बुजुर्गों से नतमस्तक,
प्यार भरा शुभ आशीष लेंगे।।
खूब छकेंगे माल-मिठाई,
पुआ-पूड़ी और कचौड़ी।
जहां जाएंगे वहीं मिलेंगे,
टिकिया-भल्ले चाट-पकौड़ी।।
चना-मटर की फली करारी,
दादी भूनें जौ के दाने।
लठमार होली देखेंगे,
द्वार-द्वार ढप-ढोल सुहाने।।
तरह-तरह के खेल तमाशे,
जब बस्ती में चले हुरंगा।
नाचें-गाएं मुंह मटकाएं,
तन-मन होते रंगमरंगा।।

## ऑर्गेनिक कलर्स से खेलें होली: श्रेया पटेल



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में पद्मावती का किरदार निभा रही बाल कलाकार श्रेया पटेल अपनी सबसे मेमोरेबल होली को याद करते हुए बताती है, 'मेरी अब तक की सबसे यादगार होली वह थी, जब मैं आउटडोर शूट के लिए उमर गांव गई थी। चूंकि वहां बहुत लंबा शूट चला, इसलिए सभी के साथ मेरी बहुत ही प्यारी बॉन्डिंग बन गई थी। सेट पर सबसे छोटी होने के कारण मैं सबकी लाडली थी। हमने वहां जमकर होली खेली और अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती की। परिवार और दोस्तों के साथ तो हम हर साल होली मनाते ही हैं, लेकिन पहली बार अपने को-एक्टर्स के साथ होली मनाने का मजा ही कुछ और था।' श्रेया इस बार की होली को लेकर अपनी प्लानिंग बताती है, 'अबकी मैं 'तेनाली रामा' के सेट पर ही मस्ती और धमाल वाली होली मनाना चाहती हूं। इस शो की टीम के साथ मेरी बहुत प्यारी बॉन्डिंग हो चुकी है, यह मेरा दूसरा परिवार बन चुका है।' 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज देते हुए श्रेया कहती है, 'मैं अपने सभी दोस्तों से यही कहना चाहूंगी कि होली खूब खेलें और जमकर मस्ती करें, लेकिन जितना हो सके पानी बचाएं, सूखे अबीर-गुलाल ज्यादा इस्तेमाल करें। हार्मफुल केमिकल कलर्स के बजाय नेचुरल या ऑर्गेनिक कलर्स का ही इस्तेमाल करें। अपने परिवार और दोस्तों को भर-भर के रंग लगाएं और बोलें, 'बुरा न मानो, होली है...!' *

## पापा से अपनी होली की डिमांड बता दी है: वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल के किरदार से दर्शकों का मन मोह रही वृही कोडवारा से जब उसकी सबसे यादगार होली की बात होती है तो वह हंसते हुए बताती है, 'लास्ट ईयर की होली मेरी अब तक की बेस्ट होली थी, क्योंकि मैंने दो-दो बार होली मनाई थी।

एक बार घर पर और दूसरी बार 'पुष्पा इंपॉसिबल' के सेट पर राशि दीदी, प्रार्थना दीदी, दादू, चिराग भैया, दीप्ति दीदी, अश्विन दादा और बहुत सारे लोगों के साथ होली की मस्ती की थी। घर पर फैमिली और फ्रेंड्स के साथ होली मनाने में मजा तो आता है, लेकिन सेट पर बहुत सारे लोगों के साथ होली मनाने का कुछ अलग ही मजा है। सेट पर दोनों काम एक साथ हो जाते हैं, होली भी मन जाती है और शूट भी हो जाता है।' वृही इस बार की अपनी होली की प्लानिंग बताती है, 'वैसे तो हम हमेशा कलर्स और पिचकारी के साथ ही होली खेलते हैं, लेकिन इस बार का कुछ अलग प्लान है।

मैंने पापा से अपनी डिमांड बोलकर रखी है कि इस बार हम लोग एक रिसॉर्ट पर जाएंगे। पूल में खेलेंगे, होली मनाएंगे और बहुत मजे करेंगे।' होली पर वृही का बालभूमि के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'सभी लोग हमेशा नेचुरल कलर से होली खेलें और पानी की बचत करें। मेरी तरफ से अपने सभी फ्रेंड्स को 'हैप्पी होली...!'*

**प्रस्तुति**
बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

## मजेदार कविताएं-रोचक उपन्यास



बच्चों, तुम्हारे लिए मजेदार-ज्ञानवर्धक कविताओं की एक किताब कुछ समय पूर्व छपकर आई है। 'पचपन रंग बचपन के' शीर्षक वाली इस किताब में कुल पचपन कविताएं संकलित हैं। इन कविताओं में तुम्हें विज्ञान, भूगोल, प्रकृति और बच्चों के मन की बातों के साथ ही कुछ नटखटपन से भरी अलग-अलग रंगों की कविताएं भी पढ़ने को मिलेंगी। यहां कुछ कविताएं ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुम्हें लगेगा कि अरे, ऐसा तो मैं भी सोचता/सोचती हूं! 'सोच रहा बंटी मन ही मन' और 'पापा तुमने कभी न जाना' ऐसी ही कविताएं हैं। इन दिनों तुम सब होली खेलने की तैयारी कर रहे होगे। हर रंग की क्या खासियत है, इसे 'रंगों की लड़ाई' कविता में पढ़ सकते हो। किताब की सभी कविताएं पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *

**किताब**: पचपन रंग बचपन के, **रचनाकार**: अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्य**:200 रुपए, **प्रकाशक**: अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



बच्चों, अभी कुछ समय पहले ही एक बहुत रोचक बाल उपन्यास 'एक गुलाबी भैंसा अलग सा' छपकर आया है। यह टाइटल पढ़कर तुम सोच रहे होगे कि भैंसा वो भी गुलाबी! तुमने अब तो काले रंग की ही भैंस देखी होंगी। लेकिन इस किताब में एक नन्हे से गुलाबी रंग के भैंसे की ही कहानी है। वो नन्हा सा भैंसा अपने अलग आकार और रंग के कारण अपने समूह में बिल्कुल अलग दिखता है। उसकी सोच भी बहुत अलग है। उसके मन में कैसे-कैसे सवाल उठते हैं, वो क्यों किसी खतरनाक जानवर से भी नहीं डरता है, वह कैसे हर हाल में खुश रह लेता है, जंगल के सब जानवर उसे क्यों प्यार करते हैं? यह सब जानने के लिए तुमको यह रोचक किताब पढ़नी होगी। यह किताब पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। *

**किताब**: एक गुलाबी भैंसा अलग सा, **लेखक**: समीर गांगुली, **मूल्य**: 199 रुपए, **प्रकाशक**: फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

होली के ऐन पहले सार्थक के पापा का ट्रांसफर चेन्नई हो गया। वहां का अलग कल्चर, अलग भाषा, नए लोग, कोई दोस्त भी नहीं...। ऐसे में कैसी रही सार्थक की होली?

## होली वालतुक्कल!



सार्थक ने होली के त्योहार को लेकर क्या-क्या नहीं सोच रखा था, लेकिन ऐन मौके पर उसके पापा का ट्रांसफर ऑर्डर आ गया। अब ट्रांसफर तो उनका होता ही रहता है। इसी बहाने सार्थक को नई-नई जगह घूमने का मौका मिलता है, उसे खूब मजा भी आता है। लेकिन होली पर यह ट्रांसफर, उफ!

सार्थक के पापा अफसर हैं। चेन्नई पहुंचने पर उनका शानदार वेलकम हुआ। उन्हें वहां फर्निश्ड और डेकोरेटेड फ्लैट मिला था। सार्थक की मम्मी ने चेन्नई निकलने से पहले होली को ध्यान में रखते हुए ढेर सारी गुझिया, कचरी, पापड़, चिप्स वगैरह बनाकर रख लिए थे। सार्थक ढेर सारा रंग, गुलाल और अलग-अलग तरह की चार पिचकारियां ले आया था। उसने कई जोड़ी नए कपड़े भी लिए थे। सार्थक के मम्मी-पापा साथ में झालर और होलिका दहन के लिए एक बोरी में रखकर गोबर के कंडे भी लेकर आए थे।

नए घर के बाहर भी साफ-सफाई करवा दी गई थी। यात्रा की थकान दूर होने के बाद मम्मी ने रंगोली बनाई। लकड़ियां इकट्ठा की गईं। पापा ने कंडे लगाकर होलिका सजा दी फिर पापा-मम्मी गुझिया लेने अंदर चले गए।

सार्थक अकेले ही अपनी पिचकारी हाथ में लिए उछल-उछल गाने लगा, 'होली आई, होली आई। हम मस्तों की टोली आई। पचक लगी, पच कंडा दे। होली आई, होली आई...।'

तभी उसे सामने से एक हमउम्र बच्चा आता दिखा। उसने हाथ जोड़कर सार्थक से कहा, 'वणक्कम।'

सार्थक उसकी भाषा तो नहीं समझा, लेकिन उसने भी नमस्ते कहते हुए हाथ जोड़ लिए।

उस बच्चे ने पूछा, 'एन्न पन्नुरिंगा?'

सार्थक फिर कुछ नहीं समझा। उसे चुप देख वह बच्चा बोला, 'एन्नाचु?'

सार्थक फिर चुप।

अब उसने जोर से आवाज लगाई, 'अप्पा! अक्का! नींगल वारंगल...।'

तुरंत ही पास के मकान से उस बच्चे के पापा और बड़ी बहन बाहर आ गए। इधर शोर सुन सार्थक के मम्मी-पापा भी आ गए। उन सभी का आपस में परिचय हुआ। उस बच्चे का नाम था शेखरन और उसकी बड़ी बहन थी राम्या। शेखरन के पापा हिंदी बोल लेते थे, लेकिन उनकी हिंदी मजेदार लगी। उन्होंने पूछा, 'आप लोग कब आईं? यह क्या कर रही हैं?'

पापा ने जब उन्हें होली के बारे में बताया तो वे बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'फिर तो हमारा पोंगल का त्योहार भी थोड़ा वैसा। बस, हम रंग नहीं खेलते।'

पोंगल का नाम सुनकर सार्थक को अपनी टेक्स्ट बुक में पढ़ा हुआ पाठ याद आ गया। घरों को रंगा जाता है। पुराने सामान हटाए जाते हैं। होली की तरह ही फसल कटाई का उत्सव मनता है। पारंपरिक पकवान बनते हैं। सब नाचते-गाते हैं। आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ते हैं।

पापा उनसे बोले, 'आपके राज्य में तो वैसे भी कितने सारे रंग बिखरे पड़े हैं। मैंने चेन्नई का मरीना बीच देखा है। वहां तो रोज ही सुबह-शाम को होली जैसा नजारा होता है।

समुद्र का नीला पानी। दमकती सुनहरी रेत। ताड़ के हरे पेड़। लाल रंग का सूरज और रंग-बिरंगे कपड़े पहने घूमते ढेर सारे लोग।'

शेखरन के पापा जब कुछ बोलते तो राम्या के सिर पर हाथ फेरने लगते। इस बार तो राम्या के सिर पर लगा फूलों वाला गजरा ही खुलने लगा। वह पीछे हट गई। सब हंसने लगे।

उन्होंने बताया, 'वैसे यहां भी हम होली मनाते। उसे काम-दहनम बोलते। पर उसका तरीका थोड़ा डिफरेंट है। हां, कुछ बातें एक जैसी हैं। जैसे गोबर के गोले तो हम भी जलाते हैं।' उन्होंने होली के कंडों की ओर इशारा करते हुए कहा।

सार्थक बड़े गौर से शेखरन-राम्या के पापा की बातें सुन रहा था। उसे उनकी हिंदी बहुत मजेदार लगी। वह सोच रहा था कि अगर वह स्कूल में ऐसे बोले या लिखे तो मैडम कितनी डांट लगाएंगी। एग्जाम में तो नंबर ही कट जाएंगे।

तभी शेखरन ने सार्थक की पिचकारी को छूकर कहा, 'अप्पा, इद एन्नके बेनू' तो उसके पापा ने मना करने के अंदाज में उसे समझाया, 'इल्ले।'

मम्मी को समझते देर न लगी कि शेखरन पिचकारी मांग रहा है। वह जल्दी से अंदर जाकर पिचकारी ले आईं। सार्थक से कहा, 'यह अपने नए दोस्त को गिफ्ट करो।'

पिचकारी पाकर शेखरन 'नंद्री' कहते हुए मुस्कुराया। जैसे धन्यवाद दे रहा हो फिर सार्थक से बोला, 'नी पाडू।'

उसके पापा हंसे। बोले, 'यह कह रहा है, तुम गाओ।'

सार्थक को याद आया कि जब वह पिचकारी लिए गा रहा था, उसी वक्त तो शेखरन वहां आया था।

सार्थक गाने लगा। शेखरन भी उछलते हुए उसकी पंक्तियों को दोहराने लगा। अब तो वहां ढेर सारे लोग इकट्ठे हो गए।

शेखरन के पापा ने सार्थक के सिर पर हाथ रखते हुए कहा, 'तुम शेखरन को हिंदी सीखा देना। यह तुमको तमिल सीखाएगी।'

सार्थक ने हंसते हुए शेखरन को गले से लगा लिया। मम्मी भी हंसीं, 'वाह! यह तो होली मिलन भी हो गया।' वहां मौजूद सारे लोग जोर से तालियां बजाते हुए बोले, 'होली वालतुक्कल.. ! होली वालतुक्कल.. !'

उनकी भाषा भले ही समझ में न आ रही हो, लेकिन भावों से साफ जाहिर था कि वे कह रहे हैं, 'होली मुबारक..! होली मुबारक..!' *

बूझो तो जानें
गौरीशंकर वैश्य विनम्र



1. रंग-मिलन का प्रिय त्योहार।
फागुन में आता हर बार।
लोग अबीर-गुलाल लगाते।
बोलो! कौन-सा पर्व मनाते?

2. होली आते ही कर देते
रंग खेलने की तैयारी।
किसमें भरकर रंग छोड़ते
जो सबको लगती है प्यारी?

3. भक्त प्रह्लाद को गोदी लेकर ,
जला देने की युक्ति रची थी।
भक्त प्रह्लाद बचे जलने से,
बुआ कौन, जो नहीं बची थी?

4. पिता प्रह्लाद का हिरण्यकश्यप
उसने पुत्र को बहुत सताया।
ज्योंही मार डालना चाहा
किसने आकर शीघ्र बचाया?

5. मौसम मनभावन हो जाता
ऋतुओं का राजा है कौन?
इस ऋतु में ही होली आती
नाम बताओ, रहो न मौन?

उत्तर : 1.होली 2.पिचकारी 3.होलिका 4.नृसिंह भगवान 5.बसंत

## जीके क्विज- 144



1. टाइम मैग्जीन ने 'वूमेन ऑफ द ईयर-2025' की लिस्ट में किस भारतीय महिला को शामिल किया है?
2. 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप की विजेता टीम का नाम क्या है?
3. अभी हाल ही में भारत के किस राज्य में महाकुंभ का समापन हुआ?
4. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल का नाम क्या है?
5. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?
6. ब्रिटिश राज में भारत का प्रथम वायसराय किसे नियुक्त किया गया था?
7. किस भारतीय समाज सुधारक ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी?
8. वन संरक्षण से संबंधित 'चिपको आंदोलन' का नेतृत्व किसने किया था?
9. किस ग्रह को 'भोर का तारा' भी कहा जाता है?
10. रेडियो का आविष्कार किस साइंटिस्ट ने किया था?

**बच्चों, जीके क्विज-144 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-143 का उत्तर:** 1.रमन इफेक्ट, 2.जगदीश चंद्र बसु, 3.होमी जहांगीर भाभा, 4.डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, 5.बेंगलुरु, 6.महाराजा जयसिंह द्वितीय, 7.ज्ञानेश कुमार, 8.एन चंद्रशेखरन, 9.चितरंजन दास, 10.स्वामी दयानंद सरस्वती

**जीके क्विज-143 का सही उत्तर देने वाले:** रुशील-खैरागढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, दिव्या-बालोद

## रंग भरो-170

**रंग भरो-170** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




डॉली, दुर्ग


वेदिका, बालोद


गणिका, झज्जर


रिद्धि-भिवानी


अर्पिता-दुर्ग

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
खुशबू-दुर्ग, रितिका-जांजगीर, दिव्या-रायपुर, पूजा-बलौदा बाजार, अंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनिका-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, गोविंद-रायपुर, संजय-अंबिकापुर, कल्पना-राजनांदगांव, शुभम-बालोद


जिया-कोंडागांव

## रंग भरो 171

बच्चों, यहां होली खेलते हुए बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना ग्रामीण का सर्वे शुरू

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिले में सर्वे का कार्य शुरु हो चुका है। यह योजना ऐसे परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो बेघर हैं या फिर कच्चे व जर्जर मकान हैं। ग्राम सचिवों द्वारा गांवों में सर्वे किया जा रहा है, ताकि जिले में प्रत्येक जरूरतमंद पात्र परिवार को स्थायी व पक्के आवास का लाभ मिल सके। इसके अलावा ग्रामीण भी आवास प्लस मोबाइल एप के जरिये स्वयं आवेदन कर सकते हैं।

### संस्कारम कॉलेज के छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** संस्कारम कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंस के विद्यार्थियों ने बीवीएससी एंड एएच तृतीय वर्ष की परीक्षा में बेहतरीन अंकों के साथ सफलता अर्जित की है। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. महिपाल यादव ने बताया कि इस वर्ष कंदुकुरी साई अनुह्या ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा कृष भूटानी 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, अभिषेक व मनीष यादव 87 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय रहे जबकि नितिका ने चतुर्थ व गौरव सिंघल ने पांचवां स्थान हासिल किया। कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत व शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया है।

### विकसित भारत युवा संसद के लिए नौ तक करें आवेदन

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका है और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा "विकसित भारत युवा संसद" का आयोजन करवाया जा रहा है। इस आयोजन का हिस्सा बनकर अपने युवा विकसित भारत से जुड़े अपने विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हिस्सा लेने की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित की गई है।



प्रदीप दहिया, डीसी झज्जर।

---

ग्राम पंचायत बाल विवाह जैसी कुप्रथा को मिटाने के लिए सहयोग करें

# बाल विवाह के कारण अधूरे रह जाते हैं लड़कियों के सपने : करमिंद्र कौर

- बाल विवाह रोकने में ग्राम पंचायत भी अहम भूमिका निभा सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को बेरी खंड में जिला विकास एवं पंचायत विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ग्राम सरपंचों व ग्राम सचिवों को बाल विवाह निषेध अधिनियम बारे जागरुक किया गया। संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी करमिंद्र कौर ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अवैध और दंडनीय अपराध है। जो भी ऐसे बाल विवाह में किसी भी रूप में शामिल होता है वह अपराध के दायरे में आता है। उन्होंने मौजूदा ग्राम सरपंचों व सचिवों से कहा कि बाल विवाह का पता चलने पर वे इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन1098 पर या संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा जारी नंबर पर करें। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक मनोज कुमार ने ग्राम स्तरीय बाल कल्याण सुरक्षा समिति की मीटिंग का आयोजन करने की बात करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की मीटिंग का निरंतर आयोजन जरूरी है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राजाराम ने कहा कि बाल विवाह रोकने में ग्राम पंचायत भी अहम भूमिका निभा सकती है। सभी सरपंचों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह बाल विवाह जैसी कुप्रथा को मिटाने के लिए सहयोग करें। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहित, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सविता मलिक, राजबाला, एएनएम सुनीता, संदीप, जागृति, मनीषा, तमन्ना, रोहित, सीमा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। मीटिंग में मौजूद ग्राम सरपंचों व ग्राम सचिवों को संबोधित करते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान स्लोगन लिखे पोस्टर हाथों में लिए हुए महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### बाल विवाह की कुरीति के बारे में किया जागरूक

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के जौंधी गांव में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया तथा गायत्री मंत्र, प्रार्थना और एनएसएस मंगल गीत गाये। भारत के लिए युवा थीम पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रसायन शास्त्र प्राध्यापिका प्रीति रानी ने विस्तार व्याख्यान दिया और कहा कि एनएसएस शिविर में भाग लेकर विद्यार्थी अपने जीवन में आवश्यक सुधार कर सकते हैं और समाज में भी सुधार कर सकते हैं। बाल विवाह पर केंद्रित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और स्वयंसेवकों ने गांव में बाल विवाह पर केंद्रित जागरूकता रैली निकाली।

---

# निक्षय शिविर में की 273 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



झज्जर। शहर के बेरी गेट में आयोजित शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में चलाए जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के गांव धारौली एवं शहर के बेरी गेट में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य जांच के दौरान कुल 273 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा 67 लोगों के टीबी जांच के लिए बलगम सैंपल भी लिए गए। इस दौरान टीबी मरीजो को दवाइयां एवं निक्षय पोषण किट उपलब्ध कराई गई। टीम सदस्यों द्वारा कैंप में आए लोगों को टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि रात में पसीना आना, लगातार बुखार आना, वजन का कम होना, बलगम में खून आना, शरीर में गांठ व दर्द का होना आदि टीबी के लक्षणों में शामिल है।

---

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर वर्कशॉप आयोजित




झज्जर। वर्कशॉप के दौरान उपस्थित कर्मचारी एवं विषय विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** वीरवार को क्षेत्र के गांव दादरी तोए में एक जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में सहायक लीगल एंड डिफेंस काउंसलर आशीष ने कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले यौन उत्पीड़न के कानूनी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को बताया कि इस तरह की घटनाओं के विरुद्ध शिकायत करने के अधिकार, बचाव के उपायों एवं कानूनी सहायता के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलंटियर कर्मजीत छिल्लर ने भी अपने विचार साझा किए और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके अलावा लेबर हेल्थ और सेफ्टी डिपार्टमेंट से दीपक ने स्वास्थ्य और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए पांच बेंच गठित

**झज्जर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार झज्जर व उपमंडल बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को किया जाएगा। डीएलएसए सचिव विशाल ने बताया कि लोक अदालत के लिए पांच बेंचों का गठन किया गया है। चार बेंच झज्जर के लिए व एक बेंच उपमंडल बहादुरगढ़ के लिए गठित की है। उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट न्यायाधीश भावना जैन की बेंच पारिवारिक मामलों की सुनवाई करेगी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज राणा की बेंच अन्य मामलों जैसे वाहन दुर्घटना मुआवजा की सुनवाई करेगी तथा इलेक्ट्रिसिटी मैटर्स आदि की भी सुनवाई करेंगे। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार व सिविल जज जुनियर डिवीजन जितेश शर्मा की बेंच ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, दीवानी आदि मामलों की सुनवाई करेंगी। बहादुरगढ़ के मामलों की सुनवाई सिविल जज जूनियर डिवीजन असीमा गर्ग की बेंच करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्च अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया। जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन बिजली विभाग, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिससे आम जनता को लोन रिकवरी केस में अधिकतम छूट वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके। छोटे अपराधों में ट्रैफिक चालान व फैक्ट्री इत्यादि मामलों के निपटारे में रियायत एवं नरमी बरती जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन फिजिकल तरीके से किया जाएगा।

---

# कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई

- एचएनजी फैक्ट्री में चल रहा सुरक्षा सप्ताह
- कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति शपथ ग्रहण करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएनजी फैक्ट्री में 54वां सुरक्षा सप्ताह चल रहा है। यह अभियान 4 मार्च को शुरु हुआ था और 10 मार्च को संपन्न होगा। /"सुरक्षा स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए अत्यधिक आवश्यक/" विषय पर आधारित अभियान का शुभारंभ यूनिट हेड एसआर बंसल और मार्केटिंग हेड एसके मिश्रा ने ध्वजारोहण एवं सुरक्षा मशाल प्रज्जवलित किया। कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए सुरक्षा के प्रति शपथ ग्रहण करवाई गई। सुरक्षा मशाल के साथ पूरे परिसर में जागरूकता रैली निकाली गयी। इस मौके पर एचआर विभागाध्यक्ष एसपी शर्मा, यूनियन प्रतिनिधि सुरेंद्र व वजीर सिंह भी मौजूद रहे। एसआर बंसल ने बताया गया कि असुरक्षित तरीका और जल्दबाजी से किए गए कार्य में दुर्घटना होने का अंदेशा रहता है। सभी सुरक्षित तरीके से काम करें। एसपी शर्मा ने बताया कि इस दौरान मेडिकल कैंप, सुरक्षा सर्वेक्षण, मॉक ड्रिल, पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, भाषण प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित की गई।




बहादुरगढ़। सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों के साथ कंपनी पदाधिकारी।

---

## साइंस ओलंपियाड में दिखाई प्रतिभा




झज्जर। स्कूल शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि ओलंपियाड में उनके स्कूल के 88 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से छात्रा अदा, मोक्ष, वरुण, पीयूष, प्रतिज्ञा, कशिश भारद्वाज, मोहनी वत्स, चंचल, दीक्षा, जतिन, खुशी कश्यप ने एक्सीलेंस गोल्ड मेडल प्राप्त किए। छात्र वरुण व पीयूष का जोनल लेवल पर सलेक्शन हुआ है। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर ने स्कूल स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा साइंस टीचर हिना शर्मा, अपूर्वा, वीरेंद्र भट्टी व प्रीति को भी विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में शिक्षकों की क्षमताओं का विकास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- एमआर स्कूल निदेशिका संगीता कोडान ने प्रशिक्षक केएन दास को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

एमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल हसनपुर में जीवन कौशल विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सत्र 2024-25 में शिक्षकों को बोर्ड द्वारा नवीनतम परिवर्तन से संबंधित जानकारी को सांझा करना रहा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य केएन दास ने की। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल विकसित करना एक छात्र के समग्र विकास का एक अनिवार्य हिस्सा है। स्कूलों ने विद्यार्थियों के लिए एक सहायक और पोषण स्थान बनाने के लिए पाठ्यक्रम में परामर्श सत्र, दिमागीपन प्रशिक्षण और लचीलापन-निर्माण कार्यशालाओं को शामिल किया है। विशेषज्ञ शिक्षक केएन दास ने जीवन कौशल तकनीकों को सांझा करके शिक्षकों की क्षमताओं का विकास किया। इस मौके पर एमआर स्कूल निदेशिका संगीता कोडान ने प्रशिक्षक केएन दास को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।



झज्जर। क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में प्राचार्य केएन दास व निदेशिका संगीता कोडान के साथ मौजूद शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

---

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



झज्जर। पावर प्लांट परिसर में पौधरोपण करते हुए जिला पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को जिला पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन द्वारा क्षेत्र के झाड़ली पावर प्लांट का दौरा कर बिजली उत्पादन व वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली। पावर प्लांट परिसर में पौधरोपण करते हुए उन्होंने मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि अगर पृथ्वी पर पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो वह वीरान हो जाएगी, इसलिए पेड़ों को जीवन का आधार कहा जाता है। हमे प्राकृतिक संसाधनों व पेड़ों की सुरक्षा करने के साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ-बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में, ऊर्जा समाज व देश की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे घरों को रोशन करने से लेकर उद्योगों को आगे बढ़ाने तक में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका ऊर्जा की है। दुनिया की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा का उपयोग और वितरण कैसे किया जाता है इन्हीं सभी बातों जानना भी जरूरी है।

---

प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट योग अवश्य करना चाहिए

# स्वस्थ जीवन का मूल आधार है योग: डा. महिपाल

- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को संस्कारम विश्वविद्यालय में योग के महत्व पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराते हुए योग से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि योग हमारे जीवन का मूल आधार है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य ठीक करने बल्कि मानसिक संतुलन को बनाए रखने का भी कार्य करता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट योग अवश्य करना चाहिए। योग भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग रहा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग-साधना के माध्यम से अनेक असाध्य शारीरिक एवं मानसिक रोगों का उपचार किया है।

यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध हो चुका है कि योग करने से रक्त संचार सुचारू रूप से होता है और शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर पीके शर्मा ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर को संतुलित करने की विधा है। योग के माध्यम से हम न केवल तनावमुक्त रह सकते हैं, बल्कि दीर्घायु और नीरोगी जीवन को भी प्राप्त कर सकते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग मानसिक तनाव, अनिद्रा और अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। योग इन सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग करने संबंधी शपथ दिलाई।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

---

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी व सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

एसओएफ द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय हिन्दी और सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड के परीक्षा परिणामों में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने द्वितीय रैंक हासिल करके संस्थान का नाम रोशन किया है।

एनटीएसई एक्सपर्ट आशीष कुमार ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थी कृति जाखड़, विकास जाखड़, सारन्या जाखड़, मेघा मोर और साधना जाखड़ ने पूरे भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 44750 रुपये की प्रोत्साहन राशि जीती है। इसके अलावा 11 विद्यार्थियों ने बेहतरीन रैंक के साथ 49740 रुपये जीते जबकि छात्र भावेश शर्मा व सक्षम जाखड़ ने चतुर्थ स्थान हासिल करते हुए पारितोषिक प्राप्त किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमन्त गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप

### सीए फाउंडेशन परीक्षा में साक्षी ने पाई सफलता

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास की छात्रा साक्षी ने सीए इंटरमीडिएट जनवरी सेशन की परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने छात्रा व उसके अभिभावकों को बधाई देते हुए साक्षी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साक्षी ने जहां हर दिन 14-15 घंटे पढ़ाई की वहीं सोशल मीडिया से भी दूरी बनाए रखी।

### जिला स्तरीय किसान मेला आज

**बेरी।** शुक्रवार को स्थानीय भागलपुरी चौक स्थित नई अनाज मंडी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खाद्य पोषण सुरक्षा पोषक अनाज विषय पर जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक डॉक्टर जितेंद्र अहलावत ने बताया कि कार्यक्रम में एसडीएम रेणुका नांदल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया कि किसान मेले में नवीनतम कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी एवं विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं बारे जागरूक करने के लिए स्टॉल लगाई जाएंगी।

### रविवार को संजीवनी में लगेगा मेगा कैंप

**बहादुरगढ़।** ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में रविवार 9 मार्च को मेगा निःशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें घुटने के दर्द के अलावा हड्डियों में कैल्शियम की जांच निःशुल्क की जाएगी। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि कैंप में आने वाले लोगों की जांच सुबह 10 से 2 बजे तक हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अजय दुबे द्वारा की जाएगी। कैंप में पीठ दर्द व अन्य रोगों की जांच करवा सकेंगे।

# शिविर में 400 किसानों को दी पोषक अनाज की जानकारी

■ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का जिलास्तरीय जागरूकता कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

खाद्य एवं पोषण सुरक्षा और पोषक अनाज के अंतर्गत वीरवार को बहादुरगढ़ स्थित उपमंडल कृषि कार्यालय में जिला स्तरीय किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक जितेंद्र अहलावत के आदेशानुसार उपमंडल अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। जागरूकता शिविर में लगभग 400 किसानों ने भाग लिया। जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने शिरकत की। शिविर में विषय विशेषज्ञ महाबीर मलिक ने किसानों को फसलों में होने वाले कीड़ों व बीमारियों के बारे में जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ रमेश कुमार ने प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को प्रोत्साहित किया। विषय विशेषज्ञ कविता ने टिकाओं खेती के बारे में किसानों को अवगत करवाया। कृषि विकास अधिकारी गौरव प्रकाश सिंघल ने किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा दिया।


बहादुरगढ़। कैंप में किसानों को जागरुक करते जिप अध्यक्ष कप्तान सिंह।

### योजनाओं की जानकारी दी

एडीओ प्रदीप मलिक ने मृदा नमूना एवं स्वस्थ कार्ड के महत्व के बारे में किसानों का बताया। वैज्ञानिक सोनिया ने किसानों को पोषक अनाज के बारे में जानकारी दी। पशु चिकित्सक डॉ. रवींद्र दहिया ने विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में बताया। चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने किसानों को पराली ना जलाने की शपथ दिलवाई। साथ ही किसानहित की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन एडीओ प्रदीप मलिक ने किया। इस मौके पर तकनीकी सहायक सुनील कुमार, खण्ड कृषि अधिकारी राकेश राणा, बीटीएम विकास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सूक्ति लेखन और शब्द परिचय प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजन

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्य अलका गुलाटी की अध्यक्षता में संस्कृत विभाग द्वारा अर्थ सहित सूक्ति लेखन और शब्द परिचय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शब्द परिचय खेल प्रतियोगिता में महर्षि कालिदास और महर्षि मार्ग की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर महर्षि वेदव्यास और महर्षि बाणभट्ट की छात्राएं रही। तीसरा स्थान महर्षि वाल्मीकि और महर्षि भवभूति टीम की छात्राओं ने प्राप्त किया।

प्राचार्य अलका गुलाटी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में नैतिकता, रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने बहुत सुंदर-सुंदर गूढ अर्थ युक्त सूक्तियां लिखकर अपने ज्ञान और विचारों को भी व्यक्त किया। शब्द परिचय के माध्यम से संस्कृत के मूल शब्दों का अपनी भाषा में प्रयोग कर यह दिखाया कि संस्कृत प्राचीन ही नहीं वर्तमान में भी आम बोलचाल की भाषा है। संस्कृत विभागध्यक्ष डॉ सीमा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं और आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। सभी प्रतिभागी छात्राओं को पेन देकर सम्मानित किया गया।


बहादुरगढ़। प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहित करतीं प्राचार्या अलका गुलाटी।

# मंजू रानी ने संभाला राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल की प्राचार्या का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंजू रानी ने प्रधानाचार्य का पदभार संभाल लिया। इस अवसर पर एसएमसी की बैठक भी हुई। जिसमें विद्यार्थियों की सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही स्टोर रूम बनवाने, सड़क की दिशा के कमरों की खिड़कियों पर जाली लगवाने, वेस्ट सामान की निलामी करने, स्टाफ रूम और सोलर पैनल की मरम्मत करवाने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रिंसिपल का कार्यभार संभालने पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने मंजू रानी का स्वागत किया। चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी, पार्षद ज्योति रोहिल्ला के पति पवन रोहिल्ला, एसएमसी इंचार्ज सुशीला देवी, सदस्य सतीश शर्मा, प्रधान सोनू कुमार, सदस्य विनोद सैनी, पार्षद राजेश तंवर, उप प्राचार्य ऋषि सहरावत, प्राध्यापक सुरेश वर्मा व दिनेश शर्मा मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। मंजू रानी का स्वागत करते एसएमसी सदस्य व अन्य।

# इस्कॉन ने परनाला में किया महा-हरिनाम संकीर्तन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ भगवान की महिमा का किया गुणगान

इस्कॉन संस्था द्वारा वीरवार को महा-हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। यह संकीर्तन परनाला में सरपंच मुकेश अशोक राठी के मकान से शुरू हुआ और धर्म विहार से होता हुआ विवेकानंद नगर में अनिल महेश्वरी के मकान पर संपन्न हुआ।

### एकजुटता का संदेश

इस्कॉन मंदिर प्रमुख नित्यानंद आश्रय दास ने बताया कि कृष्ण और उनका नाम, दोनों ही समान हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि भगवान कृष्ण ने अपनी सारी दिव्य शक्तियां अपने नाम में डाल दी हैं। सामूहिक रूप से भगवान कृष्ण के पवित्र नाम का जाप करने का मतलब है कि एक साथ आना और एकजुटता का संदेश फैलाना। उन्होंने बताया कि हरे कृष्ण महामंत्र, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का जाप आत्म-साक्षात्कार का सबसे आसान साधन है। भाजपा के संत व डेरा समन्वय विभाग के अध्यक्ष अशोक राठी ने बताया कि हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से सभी भक्तों को एक दूसरे से जुड़ने का मौका मिलता है।


बहादुरगढ़। हरिनाम संकीर्तन के दौरान नाम जपते अशोक राठी व अन्य।

### भगवान हर लेते है सभी कष्ट

उनके अनुसार जब हम भगवान कृष्ण के दिव्य नाम का जाप करते हैं, तो यह सभी पापपूर्ण विचारों को नष्ट कर देता है। जब लोग समूह में नाम जपते हैं, तो यह न केवल उनके लिए फायदेमंद होता है, बल्कि आसपास घूमने वाले लोगों को भी लाभ पहुंचाता है। विक्रम महेश्वरी ने बताया कि इस्कॉन द्वारा आयोजित इस विशेष हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर भगवान कृष्ण के पवित्र नाम का जाप करके हम अपने जीवन में शांति और आनंद ला सकते हैं।

# बालौर में एनएसएस कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ 12 मार्च तक चलेगा शिविर

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की एनएसएस इकाइयों द्वारा बालौर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर वीरवार को शुरू हो गया। यह शिविर 12 मार्च को संपन्न होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह शिविर निश्चित रूप से समाजसेवा एवं नैतिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

एनएसएस कैंप के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या सुमन हुड्डा ने की। उप प्राचार्य डॉ. अमित छिकारा, प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. नीतू कटारिया, डॉ. विकास शौकीन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जोगेंद्र सिंह तथा रचना सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके अनुसार कैंप का उद्देश्य सामुदायिक सेवा, सामाजिक जागरूकता और युवा स्वयंसेवकों में नेतृत्व कौशल को विकसित करना है।

एनएसएस समिति सदस्य पूनम, सुनीता, अरुण व प्रदीप ने भी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने सामाजिक उत्तरदायित्व और निःस्वार्थ सेवा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ समाज के कल्याण के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य व कौशल विकास कार्यशाला आदि अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्वयंसेवक इन अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और गांव के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



बहादुरगढ़। कैंप के उद्घाटन मौके पर एनएसएस स्वयंसेवक।

# झाड़ौदा कैंप में महिला शक्ति को किया नमन

**बहादुरगढ़।** सीआरपीएफ के झाड़ौदा कलां स्थित ग्रुप केंद्र में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को सम्मानित करने के लिए नजफगढ़ की विधायक नीलम कृष्ण पहलवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। नजफगढ़ क्षेत्र से चुनाव जीत कर महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनी नीलम कृष्ण पहलवान ने कार्यक्रम की शुरुआत में सीआरपीएफ फैमिली वेल्फेयर एसोसिएशन का परिचय प्राप्त किया। इसमें महिलाओं के संघर्ष, उनकी उपलब्धियों और उनके सशक्तिकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को दर्शाया गया। सुदेश बाला ने विधायक को पौधा और डॉ आशा सिंह ने स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। नीलम कृष्ण पहलवान ने कहा कि कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना समाज की प्रगति के लिए जरुरी है। डॉ आशा सिंह सभी को मिलकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में पहुंची विधायक नीलम व अन्य महिलाएं।

# वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हवन व नैतिक मूल्यों पर विस्तार व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

वीरवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को भारतीय संस्कृति की जानकारी देते हुए नैतिक मूल्यों से अवगत करवाया गया।

प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने कहा कि हमारी आर्य संस्कृति की पहचान हवन-यज्ञ हमारे आत्मिक मूल्यों की शुद्धता के साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं।

### जीवन में विनम्रता जरूरी

उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में नैतिक मूल्यों का ध्यान रखते हुए स्वयं के आचरण, व्यवहार, संयम और वाणी की विनम्रता का सद्गुण अपनाना चाहिए।

हमारी अमूल्य संस्कृति आपसे ईमानदारी विनम्रता, सत्य, दया, निष्पक्षता, दृढ़ता तथा नियंत्रण के भाव की उम्मीद करती है। एक बार फिर भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए युवा पीढ़ी को सम्यक आचरण व नैतिक मूल्यों से जोड़ने की जरूरत है। हमें अपने कर्म भाव से जुड़ते हुए सही व गलत की पहचान करनी आनी चाहिए। हवन प्रभारी डॉ नैना फौगाट ने कहा कि हवन इत्यादि क्रिया को अपनाकर हम अपने समाज व राष्ट्र को अच्छे मार्ग पर ले जा सकते हैं।


बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालती प्रिंसिपल, प्राध्यापिकाएं व छात्राएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# सार्थक परिवार ने कन्या विवाह में किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सार्थक सेवा समिति ने सैनीपुरा में ईशा के विवाह में सहयोग किया। सार्थक परिवार ने जरूरत के मुताबिक ईशा को एक सिलाई मशीन, 5 सूट-साड़ियां और कन्यादान स्वरूप राशि भेंट की। साथ ही बिटिया को सुखमय विवाहित जीवन का आशीर्वाद दिया।


बहादुरगढ़। सैनीपुरा में कन्यादान करते समिति सदस्य।

### ये रहे मौजूद

राजबाला, सुदेश संदूजा व अंजलि कपूर ने विशेष योगदान दिया। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर, उपाध्यक्ष एसएम पाल, आरके वशिष्ठ, महासचिव वजीर सिंह दहिया, कोषाध्यक्ष हरिचंद रोझा व लाईब्रेरी प्रबंधक ज्ञान सिंह सैनी मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक




**बहादुरगढ़।** गांव जसौर खेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के छठे दिन नशा मुक्ति को लेकर जागरुकता रैली निकाली गई। सबसे पहले दिन की शुरूआत में योगासन व सूर्य नमस्कार किया गया।

छात्राओं ने गांव में नशा मुक्ति की जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। उसके बाद छात्राओं ने चौपाल में नशे के दुष्प्रभावों पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। एसआई सत्यप्रकाश व ग्रामीणों की उपस्थिति में छात्राओं ने नाटक के माध्यम से दर्शाया कि नशा पूरे हंसते खेलते घर को बर्बाद कर देता है। दोपहर के सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शशि ने माइक्रो-प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर व्यक्तव्य दिया। शाम के सत्र में बच्चों ने ध्यान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। एनएसएस प्रभारी डॉ सुनैना ने भी मार्गदर्शन किया।


# हुमांयूपुर में दादा जाखुधाम का वार्षिकोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ कार्यक्रम में देशभर के दिग्गज नेता करेंगे शिरकत

क्षेत्र के गांव हुमांयूपुर में शुक्रवार को दादा जाखुधाम मंदिर में वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गांव के समाजसेवी सोमबीर जाखड़ ने बताया कि फाल्गुन माह की अष्टमी को होने वाले इस वार्षिकोत्सव के दौरान रागिनी कंपीटिशन का आयोजन भी होगा जिसमें नरेंद्र दांगी, मास्टर सुरेश हड़ौली व रेणू श्योराण आदि गायक मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। इस दौरान रोहतक लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इनके अलावा पूर्व सांसद पाली बद्रीराम जाखड़, पंजाब के अबोहर से सांसद संदीप जाखड़, विधायक गीता भुक्कल व पूर्व खेल एवं कृषि मंत्री सुखबीर कटारिया को भी आमंत्रित किया गया है।

### मंदिर से जुड़ी लोगों की धार्मिक आस्था



समाजसेवी सोमबीर जाखड़ ने बताया कि करीब तीन सौ वर्ष पुराने इस प्राचीन मंदिर से लोगों की धार्मिक आस्था जुड़ी है। वर्ष 2011 में उनके द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। पहले मंदिर छोटे रूप में था। लोगों की आस्था का पता इस बात से चलता है कि इस धाम पर जाखड़ खाप सहित आसपास गांवों के श्रद्धालु जहां नव विवाहित जोड़ों की जात लगवाने के लिए इस स्थान पर पहुंचते हैं अन्य मांगलिक कार्यों के दौरान भी यहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है।

JUPITER PUBLIC SCHOOL, ROHAD
Email-jpsrohad@yahoo.co.in, Ph:- 8053959764
REQUIRES
PGT (Commerce), PGT (History),
TGT (S.Sc.), TGT (Computer science),
PRT & Computer Operator
Walk-in for written test & teaching Demo on
08 March 2025 (Saturday), Time: 09:00 AM-01:00 PM
Transport facility for staff from Bahadurgarh & Sampla.